इन्वेस्ट यूपी ने मुंबई में आयोजित निवेशक राउंडटेबल में परियोजनाओं की घोषणा की


# मुंबई में 387 अरब निवेश के करार

**अच्छी खबर 1**

**लखनऊ/मुंबई, विशेष संवाददाता।** मुंबई में उद्यमियों के साथ हुई कई दौर की बात के बाद यूपी में 38721 करोड़ रुपये से ज्यादा के नए निवेश की राह निकली है। बड़ी कंपनियों ने मंगलवार को मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में एक उच्चस्तरीय निवेशक राउंडटेबल में इसका ऐलान किया।

इस राउंड टेबल बैठक बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने की और संचालन इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरन आनंद ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी औद्योगिक इकाइयों के प्रमुखों ने डेटा सेंटर, हरित ऊर्जा, सीमेंट और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश ऐलान किया। यूपीडीएफ के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने लखनऊ में एक निवेशक सम्मेलन और दुबई में एक रोड शो का प्रस्ताव रखा।

प्रमुख प्रस्तावों में हीरानंदानी समूह के अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी ने ऐलान किया कि योट्टा डेटा सर्विसेज द्वारा डेटा सेंटर की क्षमता में 30 मेगावाट की वृद्धि की जाएगी। अन्य उद्योगपतियों ने भी अपने प्रस्ताव दिए हैं।



मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की मौजूदगी में मुंबई में कई बड़ी कंपनियों ने यूपी में निवेश संबंधी प्रस्ताव दिए।

## प्रमुख कंपनियों ने नए निवेश के ऐलान किए

- अल्ट्राटेक सीमेंट के एमडी केसी झंवर ने कहा कि अलीगढ़, शाहजहांपुर और टांडा में ₹1,981 करोड़ के निवेश से विस्तार की योजना है।
- टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी के सीईओ व एमडी संजय बंगा ने बुंदेलखंड में 13,700 करोड़ के निवेश से दो 800 मेगावाट अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल पावर यूनिट्स लगाने की घोषणा की।
- कृष्णानंद समूह के प्रतिनिधि, कपिल तिवारी ने बताया कि लखनऊ और नोएडा में 25 करोड़ रुपये के निवेश से रेडी मिक्स प्लास्टर प्लांट की योजना
- ईएन कम्युनिकेशन के प्रतिनिधि राजीव रंजन सिंह ने 1,500 करोड़ रुपये के निवेश से महाभारत संग्रहालय का प्रस्ताव रखा।
- रिमेंस डीएसपी इंफ्रा के अर्नव गुप्ता ने लखनऊ में 5 करोड़ रुपये के निवेश से कोल्ड इमल्शन-आधारित रोड पैच मिक्स प्लांट के साथ विस्तार का प्रस्ताव रखा।
- लॉर्ड्स ग्रुप के प्रतिनिधि सचिदानंद उपाध्याय ने रूफ टॉप सोलर के लिए 1,500 करोड़ रुपये के निवेश से फैक्ट्री की स्थापना का प्रस्ताव किया।

## लखीमपुर खीरी में 28 अरब से प्लांट

**2**

**लखनऊ।** बलरामपुर चीनी मिल्स लखीमपुर खीरी में ₹2850 करोड़ रुपये के निवेश से पॉलीलैक्टिक एसिड प्लांट लगाएगा। इसके लिए कंपनी ने यूपी सरकार के साथ करार किया है। यह प्लांट लखीमपुर खीरी के कुंभी चीनी मिल में लगेगा। इसकी क्षमता 250 टन प्रति दिन होगी। इससे 225 लोगों को रोजगार मिलेगा। यह करार मंगलवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और बलरामपुर चीनी मिल्स के चेयरमैन विवेक सरोगी की मौजूदगी में हुआ।